जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-32 जयपुर, सोमवार, 8 अगस्त, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# 32 हस्तियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला राष्ट्र रत्न सम्मान

» चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित किया सम्मान समारोह
» गुलाबी नगर जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**जयपुर (हमारा वतन)** अगर मन में जज्बा हो तो सब कुछ संभव है,इन्हीं पंक्तियों को साबित करने वाली देश - विदेश की 32 हस्तियों का चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र रत्न सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया । राष्ट्र रत्न सम्मान 2022 का आयोजन गुलाबी नगर जयपुर के जवाहर कला केंद्र में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया । सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि समाज कल्याण बोर्ड राजस्थान की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा रही । अध्यक्षता एडिशनल डीसीपी और निर्भया स्क्वायड की नोडल ऑफिसर सुनीता मीणा ने की ।

विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय प्रेसिडेंट यूके निवासी डॉ. परीन सोमानी, समाजसेवी सुनील जैन, जोगाराम सोलंकी पूर्व जिला प्रमुख प्रत्याशी पाली, मनोरमा शर्मा एडवोकेट सलाहकार हाई कोर्ट, आबू धाबी रॉयल फैमिली रिप्रेजेंटेटिव योगेश मिश्रा, भव्या फाउंडेशन संस्थापक निशा माथुर, सरपंच राम दयाल वर्मा, समाजसेवी अमरचंद,



नयन प्रकाश गाँधी ग्लोबल एवं युवा सशक्तिकरण कोच और प्रदीप कुमार आर्यन डायरेक्टर फेस इंडिया वर्ल्ड रहे । आयोजक डॉक्टर चंद्रकला गोठवाल ने बताया कि देश के कोने कोने से प्रतिभाओं को जूरी द्वारा सेलेक्ट किया गया । समारोह में जरूरतमंद महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं का विमोचन भी किया गया । साथ ही डॉ. परीन सोमानी द्वारा लिखित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया । जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया । राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट टीम के खिलाडियों का सम्मान किया गया ।

समारोह में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट की उपाध्यक्ष प्रेमलता सांड, अजमेर इंचार्ज सुनीता जैन, सदस्य डॉ. पप्पू राम कोली भी मौजूद रहे । मंच का प्रभावी संचालन जयपुर की प्रसिद्ध एंकर प्रीति सक्सेना ने किया ।

**इनका हुआ सम्मान–**

सुनीता मीणा, सीमा हिंगोनिया, सीमा बब्बन राव यादव, रेखा बालकृष्णन, अरुणा सैनी, निर्मला दहिया, राजकुमार भारद्वाज, शिखा शर्मा, डॉ हेमंत गोयल, अमीचंद सांड, विष्णु सिंह जादौन, राम गोपाल सैनी, इकबाल सक्का, गोपीचंद चौरड़िया, दमयंती सोलंकी , डॉ, विद्या श्री एस यामचे, जयप्रकाश शर्मा, डॉक्टर देवेंद्र कुमार शर्मा, रामचंद्र सैनी, बाबूलाल सैनी, डॉक्टर नरेंद्र भूषण सिंह, डॉक्टर पप्पू राम कोली, राजेश कुमारी, तेजमल बुराड, नित्या सेनगुप्ता, मोहम्मद महबुबुर रहमान, राजेश कुमार सैनी और सृष्टि गुलाटी । गौरतलब है कि चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट महिला उत्थान, स्वरोजगार, शिक्षा और यूथ एम्पावरमेंट के लिए लगातार कार्य कर रही है ।




**हमारा वतन समाचार पत्र के संपादक राम गोपाल सैनी का उत्कृष्ट पत्रकारिता को लेकर चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र रत्न सम्मान देकर सम्मान किया गया । पत्रकार राम गोपाल सैनी 18 वर्षों से आमजन की आवाज बनकर पत्रकारिता कर रहे हैं और छोटी से छोटी खबर को भी स्थान देते हैं ।**

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटे डाक कर्मचारी

**जयपुर (हमारा वतन)** आजादी अमृत महोत्सव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान को लेकर चौमूं डाकघर में आमजन को तिरंगे वितरित किए गए। डाक कर्मचारी मालीराम स्वामी व सुभाष चंद्र तिवारी ने बताया कि हर घर तिरंगा लगाने के लिए आमजन से अपील की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस अभियान को ज्यादा से ज्यादा सफल बनाना है। इस दौरान आमजन में तिरंगे झंडे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पोस्ट मास्टर कैलाश चंद्र, राधेश्याम शर्मा, महेश चंद शर्मा, वैष्णवी झालानी, सुरेश मीणा, गुरुकृपा, हरिशंकर आदि मौजूद रहे।





आज़ादी का अमृत महोत्सव

## सरपंच मंगल चंद सैनी का वृक्षारोपण कर मनाया जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)** ग्राम पंचायत मोरीजा के सरपंच मंगल चंद सैनी का जन्मदिन पंचायत में केक काटकर मनाया गया और जन्म दिवस के उपलक्ष में पंचायत परिसर में 11 छायादार पौधे लगाए गए ।



कर्मचारियों व ग्रामीणजनों द्वारा मंगल चंद सैनी को साफा बंधवाकर व मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी। मंगल चंद सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया । सरपंच सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन या खुशी के अवसर पर और किसी भी शुभ दिन पर वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए । इस मौके पर अशोक कुमार मीणा पूर्व कृषि मंडी सदस्य, वार्ड पंच कन्हैया लाल सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, दानाराम सैनी,पटवारी राकेश डूडी, दिनेश सैनी, लालचंद शर्मा, रामबाबू सैनी, सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मनोज कुमार मीणा, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने की डिप्टी डायरेक्टर पुष्पेंद्र वर्मा से मुलाकात

**दिल्ली (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने दिल्ली स्थित संसद भवन में डिप्टी डायरेक्टर पुष्पेंद्र वर्मा से मुलाकात की । पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि डिप्टी डायरेक्टर पुष्पेंद्र वर्मा से मिलकर बहुत अच्छा लगा व कई धार्मिक बातों पर चर्चा हुई । रविंद्र आचार्य ने पुष्पेंद्र वर्मा को रविंद्र हस्तरेखा पुस्तक भेंट की और सभी को बाबा श्याम का दुपट्टा व श्याम कलम देकर सम्मानित किया । सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की और पुष्पेंद्र वर्मा को खाटू श्याम जी आने का निमंत्रण दिया । इस दौरान टाटा कंपनी में डायरेक्टर धनंजय देव, कविता, राहुल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।






लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर
क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9636247286, 9928747286
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



**भाग 15**

रघुनाथ सिंह के स्वर्गवासी होने के बाद उनके पुत्र मोहन सिंह चौमूं के उत्तराधिकारी बने। मोहन सिंह के कार्यकाल में विलायत खान जो पठान थे, ने दीवानी और फौजदारी दोनों कार्य संपन्न किए । उन्होंने चौमूं में राजस्व व शासन विभाग को विकसित किया। उनका हिंदू व मुस्लिम दोनों धर्मों के लोग सम्मान किया करते थे । उन्होंने चौमूं से बाहर नाडा स्थान में एक मस्जिद बनवाई थी एवं एक बाग भी लगवाया था । जिसमें अनेक नामी पेड़ भी लगवाए। जयपुर के बागों में भी यहां से पेड़ ले जाए गए । उसी समय शहादतराम नाप-जोख, तोल-मोल, हिसाब- किताब, लेन-देन, व्यापार, व्यवसाय और राजकाज आदि में अनुभवी थे। उन्होंने चौमूं में आकर राजकाज के संपूर्ण कामों को उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार लेखबध्द करने का कायदा जारी किया था और दफ्तर के अलग-अलग विभाग बनाकर प्रत्येक को आदर्श बनाया था । उन दिनों हाथ के बने हुए कागज काम में आते थे वह मोटे, पतले, मजबूत और सुंदर सब तरह के होते थे और उन पर लाख के पानी में काजल घोलकर बनाई हुई कच्ची स्याही से शुद्ध, स्वच्छ और सुंदर अक्षर लिखे जाते थे। उन दिनों की कागज की स्याही और परिलेख आज सैकड़ों वर्ष हो जाने पर भी आज जैसे मालूम होते हैं और उनसे उस जमाने की संपूर्ण अवस्था, व्यवस्था तथा व्यवहार आदि सजीव रूप में देखे जा सकते हैं।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

- क्रमशः.....

# राज्य पुरस्कार स्काउट एवं रोवर प्रशिक्षण शिविर हुआ सम्पन्न



**उदयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड उदयपुर जिले के तत्वाधान में मंडल शिविर केन्द्र उदयनिवास पर आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट व रोवर प्रशिक्षण शिविर जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं प्रधान संचालक सुरेंद्र कुमार पांडे के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

शिविर के अंतिम दिवस सर्वधर्म प्रार्थना सभा के अवसर पर प्रधान संचालक सुरेंद्र कुमार पांडे ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता हम सभी के लिए सर्वोपरि है। भारत स्काउट गाइड सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के माध्यम से युवाओं में सर्वधर्म समभाव के गुण विकसित करने का कार्य कर रहा है। पांडे ने शिविर में दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यों के मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए प्रशिक्षक दल एवं स्काउट, रोवर्स के साथ उपस्थित सभी स्काउट मास्टर एवं रोवर लीडर का आभार व्यक्त किया । राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण शिविर के संचालक तेज शंकर चौबीसा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जिले की विभिन्न ब्लॉक के 24 राजकीय एवं निजी विद्यालयों से 205 स्काउट एवं उनके साथ स्काउट मास्टर उपस्थित हुए हैं।

राज्य पुरस्कार रोवर प्रशिक्षण शिविर के संचालक राधेश्याम मेनारिया ने बताया कि मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय एवं महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के 25 राज्य पुरस्कार रोवर शामिल हुए वंही निपुण रोवर प्रशिक्षण शिविर के संचालक वकतावर सिंह देवड़ा ने बताया कि 39 निपुण रोवर प्रशिक्षण लेने के लिए शामिल हुए हैं। श्याम किशोर उपाध्याय ने बताया कि शिविर में प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण कुशल एवं दक्ष प्रशिक्षक राधेश्याम मेनारिया, तेज शंकर चौबीसा,वकतावर सिंह देवड़ा, श्याम किशोर उपाध्याय, गणपतलाल मेनारिया, सोहनलाल मेघवाल, अर्जुन सिंह चुंडावत, लक्ष्मण सिंह राजपूत,मदन लाल चौबीसा, पुष्कर लाल चौधरी द्वारा दिया गया ।

## (कविता) नयन



सिद्धार्थ गोरखपुरी

दोनों नयन सावन बनकर
रिमझिम - रिमझिम बरसात करें
समझ तनिक आता ही नहीं
के कितने हैं जज़्बात भरे

मौन तनिक अंगड़ाई लेकर
चैतन्य हुआ फिर आह किया
दोनों नयनों में बहाव दिया
मन की शांति को तबाह किया

नयन से अश्रु की धार चली
और अधर तक जा पहुँची
सिसकियाँ मौन फिर साध गईं
नहीं पता के कहाँ पहुँची

हृदय वेदना से भरकर
धक् - धक् करता भाग रहा
करुणा को हल्की नींद सुलाकर
खुद आहें भरकर जाग रहा

यह सब देख  मूक मन ने
उम्मीद को झट से जगा दिया
उम्मीद ने अशांति, बेचैनी को
थपकी देकर भगा दिया

उम्मीद के चैतन्य होते ही
आशा की किरणें निकल पड़ी
नयनों और आंसुओं पर
कुपित होकर झगड़ पड़ी

आंसू को अनमोल बताया
न बहने की हिदायत दी
आशा से दृढ़ता को जोड़ा
और मनुज पर इनायत की।

## जीवन (कविता)



डॉ. योगिता जोशी अनुप्रिया,जयपुर

माना झंझावात है जीवन
लेकिन उसमें ही बनती है
नई राह, नए पथ
जिस पर चलना पड़ता है सभी को।
जीवन आसान-सा गणित नहीं
इसमें हरदम रहते हैं
बहुत-से पेंच
हल करना पड़ता है इनको
बड़े धीरज के साथ।
कितने ही चालाक चेहरों के बीच
छिपे होते हैं घात लगाए भेड़िये
इन सब से सावधान होकर
निकलना पड़ता है कभी-कभी
बचाना पड़ता है अस्तित्व
कि धूमिल न पड़ जाए व्यक्तित्व
जीवन की आड़ी-तिरछी रेखाओं को
श्रम और ईमानदारी की चाक से
करना पड़ता है सीधा।
जीवन एक शानदार नेमत है
उसे सजाना है, संवारना है।
दरअसल अभावों में रहकर ही
जो निखरता है, वही एक दिन
खुशबू बनकर
इस दुनिया में बिखरता है।
जीवन निरंतर सृजन का नाम है
इसे हम प्रणाम करें
क्योंकि यही हम सबका
चारों धाम है।
-डॉ.योगिता जोशी, जयपुर

# श्री शिव महापुराण कथा की पूर्ण आहूति के साथ हुआ भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)** ग्राम ईटावा भोपजी के श्री शिरडी साई मंदिर में हो रही श्री शिव महापुराण कथा का हवन पूर्णाहुति व भव्य कन्या प्रसादी के साथ समापन हुआ । श्री शिव महापुराण कथा की पूर्ण आहूति व कन्या प्रसादी का भव्य समापन श्री ब्रह्म पीठाधीश्वर महाराज बिरदीचंदजी, महंत बजरंग दास और मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के सानिध्य में संपन्न हुआ ।



इस मौके पर राज परिवार के ठाकुर स्वर्गीय रघुवीर सिंह नाथावत की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी राजमाता कमल कँवर ने श्री राजपूत समाज मोक्ष धाम स्थित श्री संज्या वाटिका में अशोक ला पेड़ लगाया । राजमाता कमल कँवर का शांति बाई पारीक ने भव्य स्वागत किया ।

इस मौके पर संत श्री श्री 1008 श्री चेतन दास जी महाराज फलाहारी बाबा, भवानी शंकर शर्मा, यज्ञाचार्य पंडित विकाश शास्त्री के सानिध्य में जितेंद्र सिंह नाथावत, राजकुमार सैनी और भूपेंद्र सिंह नाथावत ने यज्ञ के यजमान बन आहुति दी ।

## राष्ट्रीय एकता (छंद)

एकता के तार यदि होते
 रहे तार-तार,
खण्ड-खण्ड हो के फिर
देश बँट जाएगा।
फैला यदि जातिवाद-
प्रान्तवाद-भाषावाद,
एकता का इतिहास कैसे
रच पाएगा ?
भाई-भाई में विवाद
ख्वाब होंगे चूर-चूर,
देश में अमन फिर कैसे
बच पाएगा ?
मानव से प्यार करो,
मत तकरार करो।
'चटुल' चेता रहा है,
 फिर पछताएगा !
सद्भाव दीप जले,
सब जन फूले-फले,
मित्रता के पथ पर चलना
जरूरी है !
प्रेम की राहों में यदि द्वेष
की दीवार तने,
ऐसी द्वेष की दीवारों
ढहना जरूरी है।।
घृणा की दुर्गन्ध यदि
 फैले चहुँओर दिस,
सुगन्धित फूल कोई
खिलना जरूरी है।
'चटुल'-सा करो प्यार,
 मिट जाए अंधकार, प्रेम का
चिराग कोई जलना जरूरी है।।
**-रतन कुमार चटुल, भीलवाड़ा**

# देवभूमि लोक सम्मान से सम्मानित हुए वृक्षमित्र डा. त्रिलोक सोनी

**उत्तराखंड (हमारा वतन)** पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौधारोपण व मेरा पेड़-मेरा दोस्त तथा जन्मदिन पर पौधारोपण व जन जन को जागरूक करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली की हिमाद्री फिल्म्स कम्पनी ने वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को आईआरडीटी आडोटोरियम देहरादून में गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी ने देवभूमि लोक सम्मान 2022 से सम्मानित किया। डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी पेशे से शिक्षक हैं और वर्तमान में टिहरी गढ़वाल के राजकीय इण्टर कालेज मरोडा सकलाना में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं। पर्यावरण की हिफाजत किस कदर उनके जहन में समाया हुआ है उसकी पहचान डॉ सोनी के पहनावे से लगाया जा सकता हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जन को जागरूक करने के लिए वे सिर की टोपी से पॉव के जूते तक पूरे हरे हुए हैं ताकि आनेवाली पीढ़ी के सामने ग्लोबल वार्मिंग की समस्या ना रहे। हिमाद्री फिल्म्स के प्रड्यूसर प्रकाश मिश्रा ने कहा उत्तराखंड ने ऐसे सख्शियतों को जन्म दिया है जिन्होंने देश के लिए कार्य किया है मेरा एक प्रयास हैं अपने प्रदेश के ऐसे लोगों को सम्मानित करू जो समाज के लिए कार्य कर रहे हैं उसी पक्ति में हमारे वृक्षमित्र भी हैं। गढरत्न नरेन्द्र सिंह नेगी ने वृक्षमित्र डॉ. सोनी द्वारा समाज में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की, वृक्षमित्र डॉ सोनी ने अतिथियों को तुलसी, नीबू व संतरे के पौधे उपहार में भेंट किए। कार्यक्रम में नीलम मिश्रा, केडी मिश्रा, लोकगायक दर्शन फर्स्वाण, मीना राणा, अनुराधा निराला, कल्पना चौहान, अनिशा रांगड़, संजू सिलोड़ी, पद्मश्री बसंती बिष्ट व प्रीतम भरतवाण, भारती, विजय जड़धारी, जुनाआखाड़ा श्री श्री 1008 उपस्थित रहे।



# अभिनेता राज जांगिड को सामाजिक पारिवारिक फिल्मों के निर्माण व अभिननय के लिए किया सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)** माय इण्डिया फाउडेंशन के तत्वावधान में जयपुर में जे डब्ल्यू मैरिएट होटल में  राजस्थान प्रदेश की प्रमुख 10 अलग - अलग क्षेत्रों में जनसेवा में समर्पित हस्तियों का सम्मान हुआ ।

जिसमें सामाजिक पारिवारिक फिल्म सुपातर बेटी और फिल्म माँ के निर्माण के साथ अभिनय करने को लेकर एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं जैसी सामाजिक मुद्दे वाली फिल्म बाबुल थारी लाड़ली में मुख्य भूमिका निभाकर जनता को जागरूकता का संदेश देने वाले राजस्थान के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राज जाँगिड का राजस्थान सरकार के बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चद्रभान



, पूर्व सांसद डॉ. करणसिंह  यादव ,राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा और फाउण्डेशन के चेयरमैन तेजपाल सिंह यादव ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । फाउडेंशन के फाउण्डर मदन यादव ने समारोह का सफल संचालन किया ।

## जॉब्स

1. राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन (ऋक्क्ष्ट), पद सीनियर फिजिकल एजुकेशन टीचर, पद संख्या 461, अंतिम तिथि 13 अगस्त 2022
2. आइटीबीपी, पद सब इंस्पेक्टर ओवरसीर, पद संख्या 37, अंतिम तिथि 14 अगस्त 2022
3. डीएसएसएसबी, पद टीजीटी, टीजीटी टीचर, पद संख्या 547, अंतिम तिथि 27 अगस्त 2022
4. पीडीआईएल, पद डिप्लोमा इंजीनियर, डिग्री इंजीनियर, पद संख्या 132, अंतिम तिथि 28 अगस्त 2022
5. आरआरसीएटी, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2022
6. बीएसएफ, पद हेड कांस्टेबल, एएसआई, पद संख्या 323, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2022
7. भारतीय वायुसेना, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 152, अंतिम तिथि 15 अगस्त 2022
8. एलआईसी एचएफएल, पद असिस्टेंट मैनेजर /असिस्टेंट, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 25 अगस्त 2022




# राजा चौधरी ने माना शराब की लत है समस्या, श्वेता तिवारी पर लगाया आरोप, कहा- 'इमेज खराब हुई'

राजा चौधरी और उनकी गर्लफ्रेंड रहीं श्रद्धा शर्मा अब अलग हो गए हैं। श्रद्धा ने हाल ही में आरोप लगाया था कि राजा चौधरी को शराब की लत है और वह उनके साथ हिंसक हो जाते हैं। वह रिहैब सेंटर भी गए थे। इससे पहले श्वेता तिवारी ने उन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था और उनसे तलाक ले लिया। राजा चौधरी की दूसरी पत्नी का नाम श्वेता सूद है। उनसे भी वह अलग हो चुके हैं। भोजपुरी फिल्मों और टीवी सीरियल में काम कर चुके राजा चौधरी ने अब माना कि उन्हें शराब की लत है और छुटकारा पाने के लिए उन्होंने इलाज भी कराया।



**शराब की लत से परेशान**-राजा चौधरी की एक्स गर्लफ्रेंड श्रद्धा शर्मा के इंटरव्यू के बाद अब उन्होंने कहा, 'मैंने वो इंटरव्यू पढ़ा। हां मुझे पीने की समस्या है। मेरे साथ केवल यही इश्यू है। मैंने कई डॉक्टरों और मनोचिकित्सकों को दिखाया है। राजा चौधरी ने आगे बताया कि वह अभी भी अपना इलाज करा रहे हैं।'

**माता-पिता से हुए अलग**-लॉकडाउन में राजा चौधरी उत्तर प्रदेश में अपने माता-पिता के साथ रह रहे थे। उनका कहना है कि अगर आप कुछ नहीं करते हैं तो इज्जत भी कम हो जाती है। उनके माता-पिता ने उनसे वापस मुंबई जाने के लिए कहा। राजा चौधरी ने बताया उनकी जिंदगी तब बदल गई जब श्वेता तिवारी उनसे अलग हो गईं। उनकी इमेज खराब हुई लेकिन वो ऐसे नहीं हैं। **क्या पलक से होती है बात**-जब राजा चौधरी से पूछा गया कि क्या वह अपनी बेटी पलक तिवारी के साथ संपर्क में हैं तो वो कहते हैं, 'हां लेकिन भगवान की कृपा से वह बहुत व्यस्त है।

# प्रेग्नेंट होने से अचानक मेरे करियर पर ब्रेक नहीं लग जाएगा आलिया भट्ट



आलिया भट्ट ने जब अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी तो लोगों ने बातें बनाना शुरू कर दिया कि अब उनके करियर पर ब्रेक लग जाएगा। शायद वह प्रेग्नेंसी के बाद फिल्में नहीं करेंगी। लेकिन आलिया ने साफ कह दिया है कि ऐसा कुछ नहीं होगा। बल्कि वह 100 साल तक काम करेंगी।

***आलिया भट्ट ने इंटरव्यू में कहा कि प्रेग्नेंसी के बाद उनके करियर पर ब्रेक नहीं लगेगा। उन्होंने हॉलीवुड डेब्यू पर भी बात की।***

आलिया ने इस साल अप्रैल में प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी और तभी से कयास लगाए जाने लगे थे कि वह करियर से ब्रेक लेंगी।

एक्ट्रेस आलिया भट्ट के लिए ये साल चौतरफा खुशियां लेकर आया है। एक ओर निजी जिंदगी में शादी के बाद वह मातृत्व के खूबसूरत अहसास को जी रही हैं। वहीं, वर्क फ्रंट पर फिल्म डार्लिंग्स से बतौर प्रोड्यूसर तो हार्ट ऑफ स्टोन से हॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। ऐसे में, पिछले दिनों जब लोगों ने प्रेग्नेंसी के बाद उनके काम से ब्रेक लेने को लेकर कयास लगाने शुरू किए, तो आलिया ने उन्हें करारा जवाब भी दिया। इन दिनों डार्लिंग्स के प्रोमोशन में बिजी Alia Bhatt से हमने इन सब विषयों पर खास बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने साफ कहा कि वह प्रेगनेंट हैं, पर इसका मतलब यह नहीं है कि उनके करियर पर ब्रेक लग जाएगा।

**पहले तो आपको चौतरफा बधाई, एक ओर डार्लिंग्स से आप बतौर प्रोड्यूसर और हार्ट ऑफ स्टोन से हॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं, तो निजी जिंदगी में अपने ड्रीम मैन से शादी के बाद अब सबसे खूबसूरत अहसास मदरहुड से गुजरने वाली हैं। इस साल को आप कैसे देखती हैं?**

ये साल तो चल ही रहा है, तो इसे अभी शब्दों में बांधना मुश्किल है। शायद अगले साल जब मैं मुड़कर देखूं तो इस बारे में सोचूं, पर मुझे इसे शब्दों में बांधने की जरूरत भी नहीं है। ये इतना दिलचस्प, सरप्राइजिंग और खूबसूरत साल रहा है और मैं उसी से खुश हूं।

# अपने नए फोटोशूट में कमाल की नजर आईं रश्मि देसाई, शार्ट ड्रेस में दिखाया बोल्ड लुक



टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपनी अदाओं और बोल्ड लुक से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। रश्मि ने हाल ही में सेक्सी फोटोशूट करवाया है। जिसमें वे बेहद ही हॉट लग रही हैं। सामने आई उनके फोटोशूट की इन फोटोज में वे नीले रंग की शार्ट स्लिट कट गाउन में नजर आ रही हैं। वे इस ऑफ शोल्डर गाउन में काफी खूबसूरत लग रही हैं। रश्मि ने अपने फोटोशूट को इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। रश्मि की इन फोटोज को देख फैंस के पसीने छूट रहे हैं। रश्मि ने अपनी इन फोटोज को साझा कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। एक्ट्रेस की ड्रेस में काफी सारे कट्स लगे हुए हैं। अब एक्ट्रेस की इन फोटोज को देख फैंस कमेंट्स कर उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं।

**रश्मि का बोल्ड अंदाज**-बता दें कि रश्मि देसाई फिलहाल एकता कपूर के शो नागिन 6 में नजर आ रही हैं। वैसे तो रश्मि ने कई सारे टीवी सीरियल्स में काम किया है लेकिन एक्ट्रेस को असल पहचान कलर्स चैनल पर प्रसारित हुए सीरियल उतरन से मिली थी।

# बचपन से एक्सरसाइज करना देता है भविष्य में कई स्वास्थ्य लाभ

बचपन का खानपान और अच्छी सेहत बड़े तक काम आती है। जी हां.... यह सिर्फ कहने वाली बात नहीं है बचपन में की गई एक्सरसाइज आगे चलकर आपको स्वस्थ रखने में मदद करती है जब हम छोटे होते हैं तो अक्सर मम्मी यह कहकर सभी चीजें खिलाती हैं कि



अभी से शरीर पर ध्यान दोगी तभी आगे जाकर स्वस्थ रहोगी। बचपन में यह सब बातें समझ नहीं आती है, क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं होते हैं। मगर जब बड़े होकर घुटनों में तकलीफ, थोड़ा सा काम करने पर कमजोरी लगना जैसी छोटी समस्याएं बड़ी बन जाती हैं, तो समझ आता है कि शायद मम्मी सही कहती थीं। मगर यह बात सिर्फ खानपान और मम्मी की सलाह तक ही सीमित नहीं है। क्योंकि वैज्ञानिक तौर पर भी अब यह प्रमाणित हो गया है कि बचपन में की गई शारीरिक कसरत आपको सालों ड्ड साल स्वस्थ रखती है और इसके कई लॉन्ग टर्म बेनेफिट्स हैं। तो चलिये जानते हैं इससे जुड़े अध्ययन में क्या सामने आया?

**जानिए अध्ययन में क्या सामने आया?**

बेहतर शारीरिक परीक्षण के परिणाम जीवन में बाद में बेहतर अनुभूति से जुड़े होते हैं और बाद के वर्षों में मनोभ्रंश से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। इसके लिए 1985 में पैदा हुए 1200 से अधिक लोगों पार अध्ययन किया गया। बता दें कि, ये परिणाम शैक्षणिक क्षमता, बचपन में सामाजिक आर्थिक स्थिति, या मध्य आयु में सिगरेट और शराब के उपयोग से प्रभावित नहीं हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन में छपी इस स्पोर्ट के अनुसार जो बच्चे बड़े होकर खेल और अन्य शारीरिक व्यायाम में भाग लेते हैं। उनके लंबे समय में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम होते हैं। वयस्क फिटनेस का एक उच्च स्तर भी बेहतर स्वास्थ्य और बुढ़ापे में मनोभ्रंश के कम जोखिम से जुड़ा हुआ है इससे यह भी पता चलता है की भविष्य में संज्ञानात्मक गिरावट के खिलाफ सुरक्षात्मक रणनीतियों को बचपन से ही शुरू करने की आवश्यकता है ताकि मस्तिष्क वृद्ध जीवन में मनोभ्रंश जैसी विकासशील स्थितियां के जोखिम का कारक न बनें।

**तो बच्चों के लिए कैसे फायदेमंद है एक्सरसाइज़**-याद रखें, व्यायाम का मतलब किसी भी प्रकार की शारीरिक गतिविधि है जिससे हृदय गति तेज हो जाती है। क्यों जरूरी है बचपन का व्यायाम?

***यह हड्डियों और जोड़ों को मजबूत करता है***

***मांसपेशियों की ताकत बढ़ाता है***

***यह आपको बेहतर लचीलापन देता है***

***आपके पास एक स्वस्थ हृदय प्रणाली होगी ( यह हृदय रोग और उच्च रक्तचाप के विकास के जोखिम को कम करता है )***

***यह मधुमेह के विकास की संभावना को कम करता है***

***आपके पास अधिक ऊर्जा होगी***

***यह शरीर की चर्बी को कम करता है, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो सकता है***

***यह तनाव को संभालने की क्षमता को बढ़ाता है***

***स्कूल में बेहतर एकाग्रता***

***आत्म-विश्वास और आत्म-सम्मान में सुधार हो सकता है***

हर दिन 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि से हृदय गति बढ़ सकती है। जैसे-जैसे बच्चे बढ़ते हैं, यह नहीं बदलता है और जन्म से शुरू होता है! शरीर का हिलना-डुलना, उछलना, रेंगना और फिर चलना जैसी गतिविधियां, सभी व्यायाम के रूप हैं। शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए टिप्स

ऐसी एक्टिविटी चुनें जो आपके बच्चे को पसंद हों और जो मज़ेदार हों।

सुनिश्चित करें कि बहुत सारी वैरायटी हो और आपका बच्चा विभिन्न चीजों की कोशिश करता रहे।

अपने बच्चे के दिन में शारीरिक गतिविधि का निर्माण करें ड्ड उदाहरण के लिए, स्कूल जाना, कार धोना या बगीचे में मदद करना। बच्चे को स्क्रीन टाइम के बजाय पार्क जाने जैसी एक्टिविटीज के लिए प्रोत्साहित करें।




## ऐन वक्त पर नहीं चली रेफरी की क्लॉक

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को एक और मौका मिला भारत ने शूटआउट में 3-0 से गंवाया सेमीफाइनल

**बर्मिंघम।** वो, महिला हॉकी का सेमीफाइनल मुकाबला था और हमारे पास अंग्रेजों के घर में 20 साल बाद कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंचने का मौका था। लेकिन, आयोजकों की व्यवस्था और रेफरी के पक्षपात के कारण टीम इंडिया 2006 के बाद इन गेम्स के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही है। उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनाल्टी शूटआउट में 3-0 की शिकस्त झेलनी पड़ी। यहां टीम इंडिया खराब प्रदर्शन के कारण नहीं हारी। बल्कि अंग्रेजों की घटिया व्यवस्था और पार्शीयालिटी के कारण हारी है।दरअसल, भारत-ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद पेनाल्टी शूट आउट चल रहा था और दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। सविता ने ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर रोजी मेलोन का प्रयास विफल कर दिया था। अब भारत के पास बढ़त लेने का चांस था लेकिन, टाइम क्लाक समय पर शुरू नहीं हो सकी और रेफरी ने ऑस्ट्रेलियंस को एक मौका और दे दिया। जबकि इसमें टीम इंडिया की कोई गलती नहीं थी। यहां आयोजकों और हॉकी फेडरेशन की जवाबदेही थी। इसके बाद भी फैसला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रहा। दूसरे मौके को भुनने में मालोन ने कोई गलती नहीं की।



**कप्तान बोलीं- इस हार से उबरने में थोड़ा टाइम लगेगा**-इस हार के बाद कप्तान सविता पूनिया की हताशा आंखों से आंसू बनकर निकली। उन्होंने कहा कि इस हार से उबरने में हमें थोड़ा समय लगेगा। यह एक करीबी मैच था। हमने कड़ी मेहनत की थी। लेकिन अब हमारे पास ब्रॉन्ज मेडल के लिए आखिरी मौका है। कप्तान और सीनियर खिलाड़ी के नाते अब मैं इस हार को भुलाकर चाहती हूं।



# अमृतसर पहुंचे कॉमनवेल्थ गेम्स के पदकवीर

## गोल्ड मेडलिस्ट मीराबाई समेत दूसरे वेटलिफ्टर्स का स्वागत; धक्का मुक्की के कारण बिगड़ी लवप्रीत के पिता की तबीयत

**अमृतसर ।** भारतीय सूरमा इंग्लैंड से कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडल जीतकर लौटने लगे हैं। सबसे पहले शनिवार को वेटलिफ्टर्स अमृतसर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर सभी मेडलिस्ट का जोरदार स्वागत हुआ। पंजाब सरकार के ष्टि अमृतसर चैंपियंस की अगुवाई करने पहुंचे थे। यहां सभी का तिलक, तालियां व फूलों के साथ स्वागत किया गया। फिर सभी प्लेयर्स पटियाला रवाना हो गए, जहां उनका सम्मान किया जाएगा। एयर इंडिया की फ्लाइट से प्लेयर्स अमृतसर एयरपोर्ट पर सुबह 8.30 बजे लैंड हुए। अमृतसर एयरपोर्ट पर प्लेयर्स का नेतृत्व गोल्ड मेडलिस्ट मीरा बाई चानू करती दिखीं।

# स्मृति मंधाना ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड, सबसे कम गेंदों में पूरा किया अर्धशतक

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम में जारी कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के सेमीफाइनल मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ओपनर स्मृति मंधाना ने तूफानी शुरुआत दिलाई। इस मैच में पावरप्ले में ही स्मृति मंधाना ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। इसी के साथ उन्होंने अपना ही एक पुराना रिकॉर्ड धराशायी कर दिया है। स्मृति मंधाना पहले से ही भारत के लिए महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाली बल्लेबाज हैं। स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ CWG के सेमीफाइनल में महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से अर्धशतक पूरा किया।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# भारत ने आपदा को बनाया अवसर

दुनिया कोविड महामारी के झटकों से उबरने की कोशिश कर ही रही थी कि तभी रूस-यूक्रेन युद्ध ने उसे फिर से मुश्किलों में डाल दिया। अब उसे दोनों मोर्चों पर संघर्ष करना पड़ रहा है। चूंकि विश्व अभी कोविड पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं कर पाया है। लिहाजा एक तरफ इससे बचाव के उपाय लागू करने की मजबूरी है तो वहीं दूसरी तरह कोविड और यूक्रेन संकट से आपूर्ति श्रृंखला टूटने के चलते बेपटरी हुई अर्थव्यवस्था को संभालने में दुनिया के देशों के पसीने छूट रहे हैं। पिछले दिनों ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट ने यह कह कर उसकी चिंता बढ़ा दी कि अधिकांश देश महंगाई और मंदी से दो-चार होने के लिए तैयार रहें। हाल में आई अमेरिकी विकास दर के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते प्रतीत हो रहे हैं। लगातार दो तिमाहियों में उसकी विकास दर में गिरावट आई है। इसके आधार पर कई विशेषज्ञ अमेरिका में मंदी की बात करने लगे हैं। अमेरिका में मंदी की आहट के बीच भारत अगर मंदी के खतरे से बाहर दिख रहा है तो इसका कारण इसकी कोविड काल के दौरान अपनाई गई सफल नीति है। इसके सकारात्मक पहलुओं को देखकर आज विश्व हैरान है। अमेरिका जैसे कई विकसित देशों की अर्थव्यवस्था को जहां कोविड महामारी से बड़ा झटका लगा है, वहीं भारत ने अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर नीतिगत फैसलों से महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के हालात पर अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता पाल क्रूगमैन कहते हैं कि अमेरिका में बढ़ती महंगाई और मंदी का कारण कोविड महामारी के दौरान अभूतपूर्व खर्च है।भारत और दुनिया के बड़े-बड़े देशों की कोविड नीति पर गौर करें तो पाएंगे कि जहां उन्नत और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं ने मुख्य रूप से मांग को प्रोत्साहित करने की अपनी नीति पर फोकस किया। वहीं भारत ने आपूर्ति की कमी को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए। कोरोना काल में भारत ने मुख्य रूप से तीन बातों पर ध्यान दिया। पहला, इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च के लिए तर्कसंगत राजकोषीय नीति। दूसरा, आपूर्ति पक्ष की बाधाओं को कम करने के लिए जरूरी सुधार और तीसरा, विशेष क्षेत्रों में उत्पादन को बढ़ाने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहन। इसके अलावा भारत ने कोविड के दौरान करदाताओं की पाई-पाई का सही इस्तेमाल करने के लिए मांग पक्ष को मजबूत करने के लिए भी त्रिआयामी नीति अपनाई। जैसे कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से 80 करोड़ नागरिकों को अनाज और दालों की आपूर्ति की गई।


राम गोपाल सैनी

# लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व जीएसटी के विरोध में कांग्रेस ने बोला भाजपा पर हल्ला

## सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी





**जयपुर (हमारा वतन)** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों, बेरोज़गारी व जरूरी सामानों पर लगाए गए जीएसटी और केंद्र भाजपा सरकार द्वारा ईडी दुरुपयोग करने पर चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सिलेंडर से लेकर दालें, खाद्य तेल जैसे जरूरतमंद वस्तुओं के बढ़ती कीमतों ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

प्री पैकेज अनाज, आटा, शहद, दही जैसे आवश्यक वस्तुओं पर गलत ढंग से जीएसटी लगाने के कारण महंगाई और बढ़ गई है। देश में बेरोजगारी रिकॉर्ड तोड़ आसमान छू रही है।

केंद्र भाजपा सरकार बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है । जिससे शहरों, गांवों, संगठित व असंगठित क्षेत्रों में हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर लिया है।

इसके अलावा विवादास्पद, खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्नीपथ योजना, जिसमें कई जोखिम है साथ ही सशस्त्र बलों की लंबे समय से चल रही है परंपराओं और लोकाचार को नष्ट कर दिया गया है। केंद्र सरकार विपक्षी दलों को प्रताड़ित करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग कर रही है। इस मौके पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में गिरफ्तारी दी। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, सेवादल, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस कार्यकर्ता सहीत आमजन लोग मौजूद रहे ।

# तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली ने मनाया परचम केसरिया शक्ति

**राजसमंद (हमारा वतन)** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में साध्वी मंजूयशा ठाणा- 4 के सानिध्य में तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली के बैनर तले परचम केसरिया शक्ति का दो चरणों में मनाया गया। पहले चरण में कन्या सुरक्षा बेंच का उद्घाटन किया गया और दूसरे चरण में कार्यशाला का आयोजन किया गया । अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीलम सेठिया की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया। महामंत्री मधु देरासरिया, सहमंत्री नीतू ओस्तवाल व मेवाड प्रभारी डॉ. नीना कावड़िया की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम में कांकरोली महिला पुलिस थाना अधिकारी संगीता बंजारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। आगंतुक अतिथि का स्वागत कुमकुम, तिलक व माला से किया गया। प्रथम चरण मे छह कन्या सुरक्षा बेंच का रिबिन खोल कर उद्घाटन अतिथियो व बेंच के दान दाताओं के द्वारा हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण मे कार्यशाला का शुभारंभ साध्वी के नमस्कार महामन्त्र से हुआ । महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत से मंगलाचरण किया।



कांकरोली अध्यक्षा इंद्रा पगारिया ने शब्दो से सभी का स्वागत अभिनंदन किया। साध्वी मंजूयशा ने ऐसे कार्यक्रम के तहत महिलाओं की शक्ति पर आत्म चिंतन करने व अधिक मजबूत बनाने का प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। नीलम सेठिया ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए दिशा निर्देश प्रदान किये। मधु देरासरिया ने अपने वक्तव्य में कहा यह केसरिया रंग केवल परिधान ही नहीं बल्कि शक्ति और दायित्व का परिचायक है साथ ही उसकी महत्ता व शौर्य से परिचित कराया।

# रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के रक्तवीरों ने निभाया मानवता का फर्ज

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर के सवाईमानसिंह हॉस्पिटल में एडमिट पेशेंट अनिल कुमार श्रीवास्तव को लिवर के ऑपरेशन हेतु ब्लड की जरूरत पड़ने पर फाउंडेशन के रक्तवीर खटवा लालसोट निवासी लालचंद मीना ने अपना 11 वाँ रक्तदान किया और मुकेश चौधरी ने दूसरी बार रक्तदान किया। रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के सदस्य रामसिंह, प्रतीक, सुनील, आनन्द, रोहित, पवन एजरा ने रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया ।









RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा